अनुक्रमणिका

01	वर्णमाला परीक्षण	1 - 10
02	सार्थक क्रम	11 - 17
03	श्रृंखला	18 - 46
04	लुप्त पद	47 - 62
05	कोडिंग - डिकोडिंग	63 - 88
06	सादृश्यता	89 - 102
07	वर्गीकरण	103 - 117
08	क्रम परीक्षण	118 - 129
09	दिशा परीक्षण	130 - 150
10	बैठक व्यवस्था	151 - 162
11	पहेली	163 - 172
12	रक्त संबंध	173 - 197
13	कैलण्डर	198 - 205
14	घड़ी	206 - 212
15	घन एवं घनाभ	213 - 217
16	पासा	218 - 227
17	वेन आरेख	228 - 249

18	न्याय निगमन	250 - 261
19	इनपुट - आउटपुट	262 - 266
20	गणितीय संक्रियाएं	267 - 277
21	आंकड़ों की पर्याप्तता	278 - 282
22	निर्णय लेना	283 - 290
23	कथन एवं निष्कर्ष	291 - 303
24	कथन - पूर्वधारणाएँ/अनुमान/मान्यताएं	304 - 317
25	कथन एवं तर्क	318 - 327
26	कथन एवं कार्यवाही	328 - 332
27	कारण और प्रभाव	333 - 337
28	आकृति श्रृंखला	338 - 343
29	आकृति सादृश्यता	344 - 349
30	आकृति वर्गीकरण	350 - 354
31	आकृतियों की गणना	355 - 368
32	आकृतियों को पूरा करना	369 - 377
33	छिपी आकृति खोजना	378 - 381
34	दर्पण एवं जल प्रतिबिम्ब	382 - 397
35	विविध	398 - 400

01 वर्णमाला परीक्षण

परिचय

➢ वर्णमाला परीक्षण तर्कशक्ति का एक महत्वपूर्ण भाग है। इसमें प्रश्न **अंग्रेजी वर्णमाला (A-Z)** के क्रम, स्थिति, दिशा और क्रमपरिवर्तन पर आधारित होते हैं। इन प्रश्नों को हल करने के लिए कुछ निश्चित नियम, शॉर्टकट और ध्यान देने योग्य बिंदु होते हैं।

मुख्य नियम (Key Rules)

स्थिति गिनने के नियम:

बायाँ + दायाँ → जोड़ (Addition)
दायाँ + बायाँ → जोड़ (Addition)
बायाँ – बायाँ → घटाना (Subtraction)
दायाँ – दायाँ → घटाना (Subtraction)

प्रश्नों के प्रकार

(A) वर्णमाला श्रृंखला पर आधारित प्रश्न

➢ किसी अक्षर की **बाएँ या दाएँ से स्थिति** दी जाती है और दूसरे अक्षर की स्थिति पूछी जाती है।

(B) एल्फ़ान्यूमेरिक श्रृंखला पर आधारित प्रश्न

➢ अक्षरों, संख्याओं व चिन्हों (Symbols) की मिश्रित श्रृंखला दी जाती है।

➢ प्रश्न सामान्यतः इस प्रकार होते हैं:
"कितने 5 हैं जिनके पहले 3 है और बाद में 2 नहीं है?"
"कितने @ चिन्ह हैं जिनके पहले # और बाद में + है?"

हल करने की ट्रिक:

➢ शर्त को पैटर्न के रूप में लिखें।

➢ पूरी श्रृंखला में पैटर्न ढूँढकर गिनती करें।

(C) शब्दकोश आधारित प्रश्न

➢ शब्दों को शब्दकोश क्रम में व्यवस्थित करना होता है।

➢ मुख्य बातें:

1. तुलना **पहले अक्षर से शुरू** करें।
2. यदि पहला अक्षर समान हो, तो **दूसरे** अक्षर पर जाएँ।
3. क्रम इसी तरह चलता है।

वर्णमाला श्रृंखला पर आधारित प्रश्न
Questions based on alphabet series

यदि अंग्रेजी वर्णमाला के दूसरे आधे भाग को उल्टे क्रम में लिखा जाए, तो दाएं छोर से 5वें अक्षर के बायीं ओर 7वां अक्षर कौनसा होगा?

[Patwar 17 aug.2025 S-II]

(a) Y (b) L
(c) O (d) X

उत्तर [a] व्याख्या:-

➢ यदि अंग्रेजी वर्णमाला के दूसरे आधे (N-Z) को उल्टे क्रम में लिखा जाए, तो अंतिम व्यवस्था ABCDEFGHIJKLMNZ**Y**XWVUTSRQPON होगी.

➢ इस व्यवस्था में,
दाएं छोर से 5वें + बायीं ओर 7वां = दाएं छोर से 12 वां = Y

➢ अतः दाएं छोर से 5वें अक्षर के बायीं ओर 7वां अक्षर Y होगा, इसलिए सही विकल्प (a) है।

संख्या 6425798 में अंकों को आरोही क्रम में पुनर्व्यवस्थित करने के बाद कितने अंकों की स्थिति अपरिवर्तित रहेगी?

[Patwar 17 aug.2025, S-I]

(a) दो (b) तीन
(c) चार (d) एक

उत्तर [a] व्याख्या:-

➢ समान स्थानों की जाँच करें:

पहले	6	4	2	5	7	9	8
बाद में	2	4	5	6	7	8	9

➢ अतः 2 अंकों (4,7) की स्थिति अपरिवर्तित रहेगी, इसलिए सही विकल्प (a) है।

दी गई श्रृंखला में, पहचानें कि अक्षरों के कितने युग्म अंग्रेजी वर्णमाला के सही क्रम में आए हैं?
C, A, B, E, G, H, D, L, M, Q, R, F, T, S, U, W
[Patwar 17 aug.2025 S-I]

(a) 3 (b) 4
(c) 6 (d) 5

उत्तर [b] व्याख्या:-
➢ C, A, B, E, G, H, D, L, M, Q, R, F, T, S, U, W
➢ अतः कुल 4 युग्म सही क्रम में हैं:
A–B, G–H, L–M, Q–R
➢ अतः सही विकल्प (b) है।

अंग्रेजी वर्णमाला श्रृंखला में दाएं छोर से 9वें अक्षर के दाएं ओर का चौथा अक्षर कौन सा होगा?
[Patwar (Shift-I) 24 Oct., 2021]

(a) D (b) V
(c) G (d) X

उत्तर [b] व्याख्या:-
➢ दायां तथा दायां आने पर घटाया जाता है।
= 9 – 4 = 5 (दाएं छोर से)
➢ तथा अंग्रेजी वर्णमाला में बाएं से ज्ञात करने के लिए 27 में से घटाया जाता है।
= 27 – 5 = 22 (22 वें स्थान पर अक्षर 'V')

अंग्रेजी वर्णमाला में बाएं छोर से 16वें अक्षर के दाएं का 9वां अक्षर कौन सा होगा?
[Patwar (Shift-II) 23 Oct. 2021]

(a) A (b) Y
(c) E (d) U

उत्तर [b] व्याख्या:-
➢ बायां तथा दायां आने पर हमेशा जोड़ेंगे
= 16 + 9 = 25 (बाएं छोर से)
➢ अत: अंग्रेजी वर्णमाला में बायें से 25 वां अक्षर 'Y' होगा। इसलिए, सही विकल्प (b) है।

यदि शब्द BREAK को अंग्रेजी वर्णमाला के क्रम में व्यवस्थित किया जाये तो कितने अक्षरों का स्थान अपरिवर्तित (Unchanged) रहेगा।
[BSTC- 1 June 2025 shift-I]
[Basic Comp. Inst. 18 June, 2022]

(a) एक (b) तीन
(c) दो (d) कोई नहीं

उत्तर [a] व्याख्या:-
B R E A K
A B E K R
➢ केवल E की स्थिति अपरिवर्तित है।
➢ अतः सही उत्तर (एक) है, इसलिए सही विकल्प (a) है।

ABCDEFGHIJKLMNOPQRSTUVWXYZ
यदि अंग्रेजी वर्णमाला के द्वितीय अर्धांश (second half) को उलट दिया जाए, तो कौन सा अक्षर दायें से 20वें अक्षर के दायें से चौथा होगा?
[Basic Comp. Inst. 18 June, 2022]
[CET (Grad.) 28, Sept 2024 shift-II]

(a) U (b) K
(c) E (d) F

उत्तर [b] व्याख्या:-
➢ Second half (N–Z) को उलटने पर श्रृंखला बनेगी:
A B C D E F G H I J K L M **Z Y X W V U T S R Q P O N**
➢ दाएँ से 20वें के दाएँ से 4वाँ
⇒ दाएँ से $20 - 4 = 16$वाँ अक्षर
➢ दाएँ से 16वाँ = बाएँ से $26 - 16 + 1 = 11$वाँ
11वाँ अक्षर = **K**

अंग्रेजी वर्णमाला श्रृंखला में बाएं छोर से 17वें अक्षर के बायीं ओर का 7वां अक्षर कौन सा होगा?
[Patwar (Shift-II) 23 Oct. 2021]

(a) J (b) M
(c) Q (d) K

उत्तर [a] व्याख्या:-

➢ बायां तथा बायां आने पर हमेशा घटाया जाता है।
= 17 – 7 = 10 (बाएं छोर से)

➢ अत: अंग्रेजी व़र्णमाला में बायें से 10 वां अक्षर 'J' होगा। इसलिए, सही विकल्प (a) है।

अंग्रेजी वर्णमाला श्रृंखला में बाएं छोर से 5वें अक्षर के दायीं ओर का 10वां अक्षर कौन सा होगा?
[पटवार - 23 Oct. 2021 Shift-I]

(a) P (b) R
(c) Q (d) O

उत्तर [d] व्याख्या:-

➢ बायां तथा दायां आने पर हमेशा जोड़ेंगे
= 5 + 10 = 15 (बाएं छोर से)

➢ अत: अंग्रेजी वर्णमाला में बायें से 15 वां अक्षर 'O' होगा। इसलिए, सही विकल्प (d) है।

अंग्रेजी वर्णमाला श्रृंखला में दाएं छोर से 7वें अक्षर के बायीं ओर का 11वां अक्षर कौन सा होगा?
[Patwar (Shift-I) 24 Oct., 2021]

(a) D (b) E
(c) I (d) P

उत्तर [c] व्याख्या:-

➢ दायां तथा बायां आने पर हमेशा जोड़ेंग़
= 7 +11 = 18 (दायें छोर से)
तथा अंग्रेजी वर्णमाला में बाएं से ज्ञात करने के लिए 27 में से घटाया जाता है।
= 27 – 18 = 9 (बाएं छोर से)

➢ अत: अंग्रेजी वर्णमाला में 9 वें स्थान पर अक्षर 'I' आता है। इसलिए, सही विकल्प (c) है।

अंग्रेजी वर्णमाला श्रृंखला में दाएं छोर से 5वें अक्षर के बायीं ओर का 15वां अक्षर कौन सा होगा?
[Patwar (Shift-II) 24-10-2021]

(a) L (b) G
(c) F (d) J

उत्तर [b] व्याख्या:-

➢ दायां तथा बायां आने पर हमेशा जोड़ेंग
= 5 + 15 = 20 (दायें छोर से)

➢ तथा अंग्रेजी वर्णमाला में बाएं से ज्ञात करने के लिए 27 में से घटाया जाता है।
= 27 – 20 = 7 (बाएं छोर से)

➢ अत: अंग्रेजी वर्णमाला में वें स्थान पर अक्षर 'G' आता है। इसलिए, सही विकल्प (b) है।

अंग्रेजी वर्णमाला श्रृंखला में दाएं छोर से 10वें अक्षर के बायीं ओर का 14वां अक्षर कौन सा होगा?
[Patwar (Shift-II) 24-10-2021]

(a) Z (b) C
(c) X (d) A

उत्तर [b] व्याख्या:-

➢ दायां तथा बायां आने पर हमेशा जोड़ेंग
= 10 + 14 =24 (दायें छोर से)

➢ तथा अंग्रेजी वर्णमाला में बाएं से ज्ञात करने के लिए 27 में से घटाया जाता है।
= 27 – 24 = 3 (बाएं छोर से)

➢ अत: अंग्रेजी वर्णमाला में तीसरा अक्षर ' C ' होगा। इसलिए, सही विकल्प (b) है।

यदि दी गई श्रृंखला के आधे अक्षर (half letters) को उल्टा लिखा जाता है और उन्हें श्रृंखला के आरंभ में लाया जाता है, तो दायें से 9वें स्थान के बायें 11वें स्थान पर कौन सा अक्षर/अंक आएगा?
BDCWIUEQR98Y238930957ASHFEWU YQ3R
[Constable 13 May 2022, Shift-I]

(a) 5 (b) 7
(c) 9 (d) A

उत्तर [a] व्याख्या:-

➢ कुल तत्व: 32, आधा = 16

➢ दी गयी श्रृंखला -
BDCWIUEQR98Y238930957ASHFEWUY Q3R

➢ श्रृंखला के आधे अक्षरों को उल्टा लिखने पर
R3QYUWEFHSA75903BDCWIUEQR98Y2 389
दायां + बायां
= 9 + 11 = 20

➢ दायें से 20 वें स्थान पर '5' होगा।

एल्फान्यूमेरिक पर आधारित प्रश्न
Questions based on alphanumeric

उपयुक्त संख्या श्रंखला का चयन कीजिए जो एक अर्थपूर्ण शब्द बनती हो:
S O T Y E M D
1 2 3 4 5 6 7
[Patwar 17 aug.2025 S-II]

(a) 7, 5, 3, 2, 1, 4, 6
(b) 6, 2, 7, 1, 5, 4, 3
(c) 6, 2, 7, 5, 1, 3, 4
(d) 3, 2, 7, 6, 5, 4, 1

उत्तर [c] व्याख्या:-
➢ **दिए हुए अक्षर (स्थान):**
S O T Y E M D
1 2 3 4 5 6 7
➢ **विकल्प** (c)
6 2 7 5 1 3 4
M O D E S T Y
यह **MODESTY** बनता है, जो एक सामान्य अंग्रेज़ी शब्द है (अर्थ: विनम्रता/संयम) — सही विकल्प यही है।
➢ अतः अर्थपूर्ण शब्द "MODESTY" बनाता है, इसलिए सही विकल्प (c) है।

नीचे दी गई श्रृंखला में ऐसे कितने @ चिह्न हैं जिनके ठीक पहले # और ठीक बाद में + है?
$ @ # + @ # = x @ % # @ + & ₹ # @ + x + @ # @ + $ % =
[CET (10+2) 11 Feb., 2023 (II)]

(a) 3 (b) 5
(c) 6 (d) 7

उत्तर [a] व्याख्या:-
➢ हमें # @ + पैटर्न की गिनती करनी है।
दी गयी श्रेणी, $ @ # + @ # = x @ % **# @ +** & ₹ **# @ +** x + @ **# @ +** $ % =
➢ श्रेणी में 3 ऐसे @ है जिसके ठीक पहले चिन्ह # तथा ठीक बाद में चिन्ह + है।

निम्न अनुक्रम में कितने ऐसे 3 हैं जिनके तुरंत पहले 6 और तुरंत बाद में 9 नहीं आया है?
अनुक्रम: 936639593789163639
[Basic Comp. Inst. -18 June, 2022]
[Constable -15 May 2022, Shift-I]

(a) 1 (b) 2
(c) 3 (d) 4

उत्तर [a] व्याख्या:-
➢ हमें ऐसे '3' गिनने हैं जिनके ठीक पहले '6' हो और ठीक बाद में '9' **न** हो।
➢ अनुक्रम 9366395937891<u>636</u>39 में
➢ अनुक्रम में प्रासंगिक तिकड़ी देखें:
639 (इसे नहीं गिनेंगे)
636 (इसे गिनेंगे)
639 (इसे नहीं गिनेंगे)
इस प्रकार केवल **एक** बार शर्त पूरी होती है।

निम्नलिखित संख्या श्रृंखला में ऐसे कितने 4 हैं जिनके ठीक पहले 8 है, लेकिन ठीक बाद में 9 नहीं है?
14934584938467845264913168 47
[Head Master 2011]
[Sr. Comp. Inst.- 19 June 2022]

(a) 4 (b) 3
(c) 2 (d) 1

उत्तर [b] व्याख्या:-
➢ **शर्त:** 4 से पहले 8, और बाद में 9 नहीं।
➢ दी गयी श्रृंखला
1493458493**<u>846</u>**7**<u>845</u>**26491316**<u>847</u>**
श्रृंखला में तीन बार चार है जिनके ठीक पहले 8 है लेकिन ठीक बाद में 9 नहीं है।

A!@2M%&UA21+?i÷K<2A>
यदि दिया गया क्रम विपरीत क्रम में लिखा जाता है, तो परिणामी अनुक्रम में प्रतीक (symbol) से पहले और किसी अक्षर या संख्या के बाद प्रतीकों की संख्या क्या होगी?
[Constable-15 July 2018, Shift-II]

(a) 1 (b) 2
(c) 3 (d) 0

उत्तर [c] व्याख्या:-

➢ **शर्त:** अब ऐसे प्रतीकों (symbols) की गिनती करें जो तुरंत पहले किसी अक्षर/संख्या के बाद आए हों, और तुरंत बाद एक प्रतीक हो।

➢ दिया गया क्रम-
A!@2M%&UA21+? i÷K<2A>

➢ शृंखला को विपरीत क्रम में लिखने पर-
>A2<K÷**i?+**12A**U&%**M**2@!**A

➢ क्रम में 3 ऐसे समूह है जिनमें प्रतीक से पहले अक्षर या संख्या तथा तुरंत बाद एक प्रतीक है।

◥ अक्षरों का एक समूह दिया गया है जिसकी संख्या 1 से 8 है। नीचे दिए गए चार विकल्प इन संख्याओं के संयोजन को दर्शाते हैं। संख्याओं के उस संयोजन का चयन करें जो उसके अनुसार व्यवस्थित किए गए अक्षरों से एक अर्थपूर्ण शब्द बना सके।

I G S N R A E O
(1 2 3 4 5 6 7 8)

[Constable 16 May 2022, Shift-II]

(a) 6,3,5,2,1,4,8,7
(b) 8,5,2,6,4,1,3,7
(c) 6,3,5,2,4,1,8,7
(d) 3,5,2,6,4,7,8,1

उत्तर [b] व्याख्या:-

➢ अक्षरों को दिया गया समूह-
I G S N R A E O
1 2 3 4 5 6 7 8

➢ अन्य विकल्पों की जांच:
(a) E N A S G R I O → कोई अर्थपूर्ण शब्द नहीं।
(b) O R G A N I S E → एक अर्थपूर्ण अंग्रेजी शब्द है, जिसका अर्थ है "आयोजन करना"।
(c) E N A S R G I O → कोई अर्थपूर्ण शब्द नहीं।
(d)N A S E R O I G → कोई अर्थपूर्ण शब्द नहीं।

➢ अत: विकल्प के अनुसार 8,5,2,6,4,1,3,7 विकल्प (b) सही होगा।

◥ निम्नलिखित शृंखला 738, 429, 156, 273, 894 की प्रत्येक संख्या में पहले दो अंकों को परस्पर बदल देने पर सबसे बड़ी संख्या के पहले अंक और सबसे छोटी संख्या के पहले अंक के बीच का अंतर (difference) क्या होगा?

[VDO- 27 Dec., 2021 Ist Shift]
[Basic Comp. Inst.- 18 June, 2022]

(a) 4
(b) 5
(c) 6
(d) 7

उत्तर [d] व्याख्या:-

➢ शृंखला- 738, 429, 156, 273, 894
शृंखला की प्रत्येक संख्या में पहले दो अंको को बदलने पर
378,249, 516, 723, 984

➢ सबसे बड़ी संख्या 984 का पहला अंक 9 तथा सबसे छोटी संख्या 249 का पहला अंक 2 बीच का अंतर '7' होगा।

➢ अत: विकल्प (d) सही होगा।

शब्दकोष पर आधारित प्रश्न
DICTIONARY BASED QUESTIONS

➢ शब्दों को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम (A–Z) में व्यवस्थित किया जाता है।

➢ पहले अक्षर की तुलना की जाती है; यदि समान हो तो अगले अक्षर की तुलना की जाती है।

➢ यदि सभी प्रारंभिक अक्षर समान हों तो छोटा शब्द पहले आता है।

➢ बड़े और छोटे अक्षरों में कोई भेद नहीं माना जाता।

➢ अक्षरों का क्रम सदैव A < B < C < ... < Z के अनुसार होता है।

➢ उद्देश्य – दिए गए शब्दों को उसी क्रम में रखना जिस क्रम में वे शब्दकोष (Dictionary) में आते हैं।

यदि निम्नलिखित शब्दों को अंग्रेजी शब्दकोश के अनुसार व्यवस्थित किया जाए, तो कौन सा शब्द अंत में आएगा?
Clear, Clown, Client, Clean
[Patwar 17 aug.2025 S-I]

(a) Clown (b) Client
(c) Clean (d) Clear

उत्तर [a] व्याख्या:-
- शब्द: Clear, Clown, Client, Clean
- अंग्रेज़ी शब्दकोश के अनुसार यदि इन्हें क्रमबद्ध (alphabetical order) किया जाए तो-
  Clean → Clear → Client → Clown
  इसमें अंत में Clown है।
- अतः इसमें अंत में Clown है, इसलिए सही विकल्प (a) है।

दिए गए शब्दों को शब्दकोश में आने वाले क्रम में व्यवस्थित करें।
राज. कॉन्स्टेबल -13.09.2025

1. Ropped **2. Roster**
3. Roasted **4. Road**
5. Roller

(a) 34512 (b) 45312
(c) 43512 (d) 35412

उत्तर [c] व्याख्या:-
- शब्दकोशीय क्रम निकालने के लिए देखें:
  Road (4) → Roasted (3)→ Roller (5)→ Ropped (1) → Roster (2)
- इस प्रकार क्रम होगा: 4, 3, 5, 1, 2

यदि निम्नलिखित शब्दों को वर्णक्रमानुसार व्यवस्थित किया जाए, तो कौन सा शब्द मध्य (middle) में आएगा?
Cheque, Cheroot, Cheese, Cherish, Chemise
[Jail Prahari 26 Aug. 2017, Shift-III]
[CET (10+2) 5 Feb., 2023 (II)]

(a) Cheque (b) Cheese
(c) Cherish (d) Chemise

उत्तर [a] व्याख्या:-
- शब्दों को अंग्रेजी वर्णमाला अनुसार व्यवस्थित करने पर-
  1. cheese, 2. chemise, **3. cheque**, 4. cherish, 5. cheroot
- उपरोक्त शब्दों में से शब्द 'cheque' बीच में आएगा।
- अत: विकल्प (a) सही होगा।

अंग्रेजी शब्दकोश में निम्नलिखित में से कौन सा शब्द (Word) दूसरे नंबर पर आएगा?
[CET (Grad.) 27 Sept 2024 shift-I]

(a) Maternal (b) Magnify
(c) Magnetic (d) Magical

उत्तर [c] व्याख्या:-
- शब्दों को अंग्रेजी वर्णमाला अनुसार व्यवस्थित करने पर-
  Magical, **Magnetic,** Magnify, Maternal
  दूसरा शब्द: Magnetic
- अतः दूसरा शब्द Magnetic है, इसलिए सही विकल्प (c) है।

निम्नलिखित शब्दों को शब्दकोश के क्रम में व्यवस्थित करें:

1. Successor **2. Successive**
3. Successful **4. Success**
5. Succession
[PTET 21 May 2023, Shift-II]

(a) 4,5,3,2,1 (b) 3,5;4,2,1
(c) 4,3,5,2,1 (d) 1,2,3,5,4

उत्तर [c] व्याख्या:-
- दिये गये शब्दों को शब्दकोष के अनुसार व्यवस्थित करने पर-
  Success(4), Successful(3), Succession (5), Successive(2), Successor(1)
  अत: विकल्प (c) 4,3,5,2,1 सही होगा।

नीचे दिए गए शब्दों में कौन-सा शब्द शब्दकोश के अनुसार पहले स्थान पर आएगा?
[Jail Prahari 13 Sep. 2017, Shift-III]

(a) Banjo (b) Bang
(c) Bank (d) Bandy

उत्तर [d] व्याख्या:-

➢ शब्दों को अंग्रेजी वर्णमाला अनुसार व्यवस्थित करने पर -
1. Bandy, 2. Bang, 3. Banjo, 4. Bank

➢ अतः सबसे पहला अक्षर 'Bandy' होगा। इसलिए सही विकल्प (d) है।

◥ नीचे दिए गए शब्दों को वर्णमाला के अनुसार व्यवस्थित करें। तब कौन सा शब्द मध्य (middle) में आएगा?
ANUJ, ANKIT, ASHISH, BABY, BUSY
[CET (10+2) 11 Feb., 2023 (II)]
[Info. Asst.- 21 Jan, 2024]

(a) ANKIT (b) ASHISH
(c) BABY (d) BUSY

उत्तर [b] व्याख्या:-

➢ दिये गये अक्षरो को अंग्रेजी वर्णमाला के अनुसार व्यवस्थित करने पर-
1. ANKIT, 2. ANUT, 3. ASHISH, 4. BABY, 5. BUSY

➢ अतः शब्द 'ASHISH' मध्य में आयेगा। इसलिए सही विकल्प (b) है।

◥ निम्नलिखित शब्दों को शब्दकोश के अनुसार व्यवस्थित किजिए-
1. Pestilential
2. Pesticide
3. Pestilence
4. Pestilent
5. Pestiferous
[Jail Prahari 01 Sep. 2017, Shift-II]

(a) 1,3,2,4,5 (b) 2,4,5,3,1
(c) 2,5,4,3,1 (d) 2,5,3,4,1

उत्तर [d] व्याख्या:-

➢ शब्दों को शब्दकोष के अनुसार व्यवस्थित करने पर- Pesticide(2), Pestiferous(5), Pestilence(3), Pestilent(4), Pestilential(1)

➢ अत: विकल्प (d) 2,5,3,4,1 सही होगा।

◥ इन शब्दों को वर्णानुक्रम में व्यवस्थित कीजिए और मध्य शब्द ज्ञात कीजिए-
Electric, Elector, Elect, Election, Electrode
[CET (Grad.) 28, Sept 2024 shift-I]

(a) Elector (b) Electric
(c) Electrode (d) Election

उत्तर [b] व्याख्या:-

➢ वर्णानुक्रम क्रम: Elect, Election, Electric, Electrode, Elector

➢ मध्य शब्द (5 शब्दों में तीसरा): Electric

➢ अतः मध्य शब्द Electric है, इसलिए सही विकल्प (b) है।

◥ नीचे दिए गए शब्दों में से वह शब्द चुनें जो शब्दकोश के अनुसार अंतिम स्थान (last position) पर आएगा ?
[Jail Prahari 08 Sep. 2017, Shift-I]

(a) Joy (b) Jog
(c) Jet (d) Job

उत्तर [a] व्याख्या:-

➢ शब्दो को अंग्रेजी वर्णमाला अनुसार व्यवस्थित करने पर- Jet, Job, Jog, Joy

➢ अतः अंतिम शब्द 'joy' है, इसलिए सही विकल्प (a) है।

◥ निम्नलिखित शब्दों को शब्दावली आयोजन के अनुसार व्यवस्थित कीजिए।
a. Except b. Expect c. Excess d. Exit
[CET (Grad.) 27, Sept 2024 shift-II]

(a) a, c, d, b (b) b, d, a, c
(c) b, a, d, c (d) c, d, a, b

उत्तर [a] व्याख्या:-

➢ वर्णमाला क्रम: Except, Excess, Exit, Expect
क्रम: a, c, d, b

➢ अतः क्रम a, c, d, b है, इसलिए सही उत्तर विकल्प (a) है।

निम्नलिखित शब्दों को शब्दकोश के अनुसार व्यवस्थित करें:

1. Reseek 2. Resect 3. Reset 4. Reseat 5. Resell

[Jail Prahari- 3 Sep. 2017, Shift- II]

(a) 4,5,3,1,2 (b) 4,3,2,5,1
(c) 4,1,2,5,3 (d) 4,2,1,5,3

उत्तर [d] व्याख्या:-

➢ दिये गये शब्दों को शब्दकोश के अनुसार व्यवस्थित करने पर- Reseat(4), Resect(2), Reseek(1), Resell(5), Reset(3)

➢ अत: विकल्प (d) 4,2,1,5,3 सही होगा।

निम्नलिखित शब्दों को शब्दकोश के अनुसार व्यवस्थित करें:

1. Mask 2. Mate 3. Meal 4. Mart 5. Mash

[Jail Prahari 04 Sep. 2017, Shift-II]

(a) 1,2,3,5,4 (b) 4,5,3,2,1
(c) 4,5,1,2,3 (d) 3,4,5,2,1

उत्तर [c] व्याख्या:-

➢ शब्दों को अंग्रेजी वर्णमाला अनुसार व्यवस्थित करने पर- Mart(4), Mash(5), Mask(1), Mate(2), Meal(3)

➢ अत: विकल्प (c) 4,5,1,2,3 सही होगा।

निम्नलिखित शब्दों को शब्दकोश के क्रमानुसार व्यवस्थित करें:

1. Ambitions 2. Ambiguous
3. Ambiguity 4. Animation
5. Animal

[PTET 21 May 2023, Shift-I]

(a) 3,2,4,1,5
(b) 3,2,5,4,1
(c) 3,2,1,5,4
(d) 3,2,4,5,1

उत्तर [c] व्याख्या:-

➢ दिये गये शब्दों को शब्दकोष के अनुसार व्यवस्थित करने पर-
Ambiguity(3), Ambiguous(2),Ambitions(1), Animal(5), Animation(4)

➢ अत: विकल्प (c) 3,2,1,5,4 सही होगा।

नीचे दिए गए शब्दों में कौन-सा शब्द शब्दकोश के अनुसार पहले स्थान पर आएगा?

[Jail Prahari- 12 Sep. 2017, Shift-II]

(a) Barn (b) Bank
(c) Bare (d) Bard

उत्तर [b] व्याख्या:-

➢ दिये गए शब्दों में शब्दकोश के अनुसार लगाने पर: Bank, Bard, Bare, Barn

➢ अतः पहले स्थान पर Bank है, इसलिए सही विकल्प (b) है।

नीचे दिए गए शब्दों में कौन-सा शब्द शब्दकोश के अनुसार पहले स्थान पर आएगा?

[Jail Prahari 04 Sep. 2017, Shift-II]
[Jail Prahari 13 Sep. 2017 Shift-I]

(a) Amen (b) Among
(c) Amid (d) Amount

उत्तर [a] व्याख्या:-

➢ शब्दों को अंग्रेजी वर्णमाला अनुसार व्यवस्थित करने पर - 1. Amen, 2. Amid, 3. Among, 4. Amount

➢ अत: सबसे पहला शब्द 'Amen' है, इसलिए सही विकल्प (a) है।

निम्नलिखित शब्दों को शब्दकोष में दिये गये क्रम (Order) के अनुसार लिखें-

(1) Critical (2) Criterion
(3) Crisis (4) Crisp

[BSTC- 1 June 2025 shift-I]

(a) 3, 4, 2, 1
(b) 1, 3, 4, 2
(c) 3, 4, 1, 2
(d) 4, 3, 1, 2

उत्तर [a] व्याख्या:-
➢ शब्दों को अंग्रेजी वर्णमाला अनुसार व्यवस्थित करने पर
➢ Crisis (3), Crisp (4), Criterion (2), Critical (1)
➢ अतः सही विकल्प (a) 3, 4, 2, 1 है।

निम्न शब्दों को शब्दकोश के अनुसार व्यवस्थित करें:
[Constable 23 Jan, 2011]

1. EAGLE **2. EARTH**
3. EAGER **4. EARLY**
5. EACH

(a) 2,1,4,3,5 (b) 1,5,2,4,3
(c) 2,3,5,4,1 (d) 5,3,1,4,2

उत्तर [d] व्याख्या:-
➢ दिये गये शब्दों को शब्दकोष के अनुसार व्यवस्थित करने पर-
➢ EACH(5), EAGER(3), EAGLE(1), EARLY(4), EARTH(2)
➢ अतः शब्दकोष के अनुसार क्रम 5,3,1,4,2 होगा, इसलिए सही विकल्प (d) है।

दूसरा अर्थपूर्ण शब्द बनाना
Make another meaningful word

'WONDERFUL' शब्द के पहले, दूसरे और तीसरे वर्ण को केवल एक बार प्रयोग करके कितने अर्थपूर्ण शब्द बनाए जा सकते हैं?
[Patwar 17 aug.2025 S-II]

(a) चार (b) तीन
(c) एक (d) दो

उत्तर [b] व्याख्या:-
➢ **'WONDERFUL'** शब्द के पहले, दूसरे और तीसरे वर्ण अर्थात् पहले तीन अक्षर: **W, O, N**
WON — (past of win) अर्थपूर्ण शब्द।
OWN — (possess) अर्थपूर्ण शब्द।
NOW — (at present) अर्थपूर्ण शब्द।
➢ इसलिए कुल अर्थपूर्ण शब्द = **3**
➢ अतः 3 अर्थपूर्ण शब्द बनाए जा सकते हैं, इसलिए सही विकल्प (b) है।

सार्थक शब्द बनाने के लिए अव्यवस्थित अक्षरों को व्यवस्थित कीजिए और बने हुए शब्दों में से भिन्न शब्द का चयन कीजिए।

a. DIAFRY **b. STEUDYA**
c. DHAIOLY **d. ANDMYO**
[CET (Grad.) 28, Sept 2024 shift-I]

(a) d (b) a
(c) b (d) c

उत्तर [d] व्याख्या:-
➢ DIAFRY → FRIDAY (दिन)
STEUDYA → TUESDAY (दिन)
DHAIOLY → HOLIDAY (अवकाश)
ANDMYO → MONDAY (दिन)
DHAIOLY (HOLIDAY) अवकाश को दर्शाता है, अन्य दिन।
➢ अतः DHAIOLY भिन्न है, इसलिए सही विकल्प (d) है।

दिए गए वैकल्पिक शब्दों में से वह शब्द चुनिए जो दिए गए शब्द के अक्षरों (letters) का प्रयोग करके नहीं बनाया जा सकता है:
LEGALIZATION
[PTET 21 May, 2023 Shift-II]

(a) ALERT (b) GALLANT
(c) ALEGATION (d) NATAL

उत्तर [a] व्याख्या:-
➢ प्रत्येक विकल्प की जांच:
ALERT: 'R' अक्षर LEGALIZATION में नहीं है।
GALLANT: सभी अक्षर उपलब्ध हैं।
ALEGATION: सभी अक्षर उपलब्ध हैं।
NATAL: सभी अक्षर उपलब्ध हैं।
➢ अतः 'ALERT' नहीं बन सकता है, इसलिए सही विकल्प (a) है।

यदि शब्द 'LASBEBLA' के अक्षरों को व्यवस्थित करने से किसी खेल (sport) का नाम बनता है, तो इस प्रकार बने शब्द के पहले और अंतिम अक्षर क्या हैं?
[Basic Comp. Inst. 18 June, 2022]

(a) B, L (b) L, S
(c) L, E (d) S, L

उत्तर [a] व्याख्या:-

➢ इन अक्षरों को व्यवस्थित करने पर खेल का नाम: BASEBALL

➢ पहला अक्षर: B, अंतिम अक्षर: L

➢ अतः शब्द के पहले और अंतिम अक्षर (B,L) है, इसलिए सही विकल्प (a) है।

निम्नलिखित विकल्पों में से वह शब्द चुनिए जो दिये गये शब्द के अक्षरों का प्रयोग करके नहीं बनाया जा सकता:
TOKENISM
[IA 12 May, 2018]

(a) STONE (b) NOISE
(c) EMITS (d) NAMES

उत्तर [d] व्याख्या:-
प्रत्येक विकल्प की जांच:

➢ **STONE**, **NOISE**, **EMITS**: सभी अक्षर TOKENISM में उपलब्ध हैं।

➢ **NAMES**: 'A' अक्षर TOKENISM में नहीं है।

➢ अतः 'NAMES' नहीं बन सकता है, इसलिए सही विकल्प (d) है।

प्रत्येक शब्द में 'TEMA' शब्द के प्रत्येक अक्षर का केवल एक बार प्रयोग करते हुए अंग्रेजी के कितने अर्थपूर्ण शब्द बनाए जा सकते हैं?
[Tax Assistant 14 Oct. 2018]

(a) 1 (b) 2
(c) 3 (d) 4

उत्तर [d] व्याख्या:-

➢ दिए गए अक्षर: T, E, M, A

➢ इन अक्षरों का उपयोग करके बनने वाले अर्थपूर्ण अंग्रेजी शब्द:

➢ **MEAT (मीट)** – मांस (खाने योग्य मांस)
TEAM (टीम) – दल, समूह, संगठित कार्य करने वाले लोग
MATE (मेट) – साथी, मित्र, जीवनसाथी
TAME (टेम) – पालतू बनाना, वश में करना

➢ अतः अंग्रेजी के 4 अर्थपूर्ण शब्द बनाए जा सकते है, इसलिए सही विकल्प (d) है।

उस एक अक्षर को छाँटें जिसे हटाने के बाद निम्न शब्दों से नए अर्थपूर्ण शब्द बन जाते हैं:
MINK, WARM, LAMP, TEAM
[Industry Inspector- 24 June 2018]

(a) A (b) R
(c) M (d) L

उत्तर [c] व्याख्या:-

➢ प्रत्येक शब्द से एक अक्षर हटाने पर नए अर्थपूर्ण शब्द बनने चाहिए।

➢ अक्षर 'M' हटाने पर:
MINK → INK (अर्थ: स्याही)।
WARM → WAR (अर्थ: युद्ध)।
LAMP → LAP (अर्थ: गोद)।
TEAM → TEA (अर्थ: चाय)।

➢ अतः केवल 'M' हटाने पर सभी शब्द अर्थपूर्ण बनते है, इसलिए सही विकल्प (c) है।

♦ ♦ ♦ ♦